

क्या छोड़ेंगे कप्तानी?

चेन्नई की टीम हालांकि अब भी प्लेऑफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई है। आईपीएल की बड़ी नीलामी में मुंबई ने हार्दिक पंड्या और कृणाल पंड्या को अपने साथ बरकरार नहीं रखा जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई थी। मुंबई ने कप्तान रोहित के अलावा सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और कीरोन पोलार्ड को रिटेन किया था लेकिन ये उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए।

## टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास नहीं किया: रोहित शर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। रिकॉर्ड पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस के लगातार आठवीं हार के बाद नॉकआउट की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बनने के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास नहीं किया, लेकिन ऐसा होता है। उन्होंने इस हार के बाद इमोशनल ट्वीट किया, जिसके बाद उनके कप्तानी छोड़ने की अटकलें तेज हो गई हैं। कुछ लोगों ने उन्हें कप्तानी छोड़ने का सुझाव भी दिया है तो कुछ ने उन्हें सपोर्ट किया है। रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 36 रन की हार के बाद मुंबई इंडियंस की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। रोहित ने ट्वीट किया, 'इस टूर्नामेंट में हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया लेकिन ऐसा होता है, कई खेल दिग्गज इस चरण से गुजरे हैं लेकिन मुझे यह टीम और इसका माहौल पसंद है।' उन्होंने लिखा, 'साथ ही शुभचिंतकों की सराहना करता हूं जिन्होंने अब तक टीम के प्रति भरोसा और निष्ठा दिखाई है।' आईपीएल के इतिहास की दो सबसे सफल टीम मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए मौजूदा सत्र काफी मुश्किल रहा।

# भारत में जलने वाले लोग चाहते थे कि मैं नाकाम हो जाऊं

क्रिकेट

## ईसीबी के नए क्रिकेट निदेशक बनाए गए रॉबर्ट की को शास्त्री की सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के नए क्रिकेट निदेशक बनाए गए रॉबर्ट की को सलाह देते हुए कहा है कि इंग्लैंड के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज को ड्यूक गेंद की तरह 'मोटी चमड़ी' विकसित करने की जरूरत है जैसे उन्होंने 'जलने वाले लोगों' का सामना करने के लिए किया था। शास्त्री 2014 से 2021 के बीच एक साल को छोड़कर बाकी समय भारत के कोचिंग स्टाफ के प्रमुख रहे। इस एक साल के दौरान अनिल कुंबले को मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

ब्रिटेन के 'द गार्डियन' समाचार पत्र को दिए साक्षात्कार में शास्त्री ने कहा कि भारत में 'जलने वाले लोगों का गुट' था जो हमेशा चाहता था कि वह विफल हो जाएं। शास्त्री की तरह रॉबर्ट की भी लंबे समय से प्रतिष्ठित कमेंटेटर हैं और उनके पास कोई कोचिंग डिग्री नहीं है। शास्त्री ने कहा, 'मेरा पास भी कोई कोचिंग डिग्री नहीं थी। लेवल एक? लेवल दो? और भारत जैसे देश में हमेशा आपसे जलने वाले लोग या लोगों का गुट होता है जो चाहते हैं कि आप विफल हो जाओ। मेरी मोटी चमड़ी (लोगों की बातों पर ध्यान नहीं देने वाला) है, आप जिस ड्यूक गेंद का इस्तेमाल करते हैं, उससे भी मोटी।'



ब्रिटेन के समाचार पत्र ने इस पूर्व भारतीय मुख्य कोच के हवाले से कहा, 'आपको इसका सहारा लेना होता है। रॉब (रॉबर्ट की) जब काम करना शुरू करेगा तो वह इसे विकसित करना सीखेगा क्योंकि प्रत्येक दिन आपके काम को लेकर टिप्पणियां होंगी। मुझे खुशी है कि केंट के साथ खेलने के दौरान उसे कप्तानी का काफी अनुभव है क्योंकि खिलाड़ियों के साथ संवाद सर्वोच्च होता है।'भारतीय टीम के साथ काम करने के अपने अनुभव के आधार पर शास्त्री का मानना है कि दुनिया भर के क्रिकेट जगत में सभी राष्ट्रीय टीम लगभग एक ही तरह से संचालित होती हैं।

शास्त्री ने टीम संस्कृति पर जोर देते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो सीरीज जीतने के दौरान यह भारतीय टीम का अहम हिस्सा थी। उन्होंने कहा, 'इससे पता चलता है कि हम कैसे खेलना चाहते हैंरु आक्रामक होकर और विरोधी टीम को कोई मौका नहीं देना, फिटनेस का शीर्ष स्तर, तेज गेंदबाजों का समूह तैयार करना जो विदेशों में 20 विकेट चटका सकें। और यह आपके रवैये से भी जुड़ा है विशेषकर जब आप आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हैं। मैंने लड़कों से कहा कि अगर आपको एक अपशब्द कहा जाता है तो आप तीन वापस कीजिए। दो हमारी भाषा में और एक उनकी भाषा में।'

# साक्षी धोनी रांची में बिजली सप्लाई को लेकर नाराज, ट्वीट कर पूछा सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रांची। बढ़ती गर्मी के चलते बिजली की खपत काफी बढ़ गई है और कहीं न कहीं बिजली की कटौती भी कई राज्यों में आम हो गई है। इसका असर आम आदमी के साथ-साथ सेलिब्रेटी पर भी पड़ रहा है। महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी ने झारखंड में बिजली संकट को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने राज्य में बिजली की कमी को लेकर सोशल मीडिया पर भी टिप्पणी की है।

साक्षी और धोनी रांची में ही अपने फॉर्म हाउस पर रहती हैं। धोनी इस समय आईपीएल खेलने के लिए महाराष्ट्र में हैं। साक्षी ने ट्वीट करते हुए कहा कि एक करदाता के रूप में वह अपनी



जिम्मेदारी अदा कर रही हैं लेकिन वह जानना चाहती हैं कि आखिर राज्य में बिजली को लेकर इतनी परेशानी क्यों है। उन्होंने ट्वीट किया, झारखंड के एक करदाता होने के नाते मैं यह जानना चाहती हूं कि यहां आखिर इतना बिजली संकट क्यों है? हम बिजली बचाने को लेकर अपनी भूमिका गंभीरता से निभा रहे हैं।

हालांकि यह पहली बार नहीं है जब साक्षी ने राज्य में बिजली संकट पर ट्वीट किया हो। 19 सितंबर 2019 को ट्वीट किया था। साक्षी ने कहा था, रांची में लोग रोजाना पावर कट का सामना कर रहे हैं। रोजाना 4 से 7 घंटे तक बिजली काटी जाती है। आज 19 सितंबर 2019 के दिन भी पांच घंटे से बिजली नहीं है। आज मौसम भी अच्छा है और कोई त्योहार भी नहीं है। मुझे उम्मीद है कि संबंधित विभाग द्वारा इस समस्या पर ध्यान दिया जाएगा।

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने सोमवार को दावा किया था कि उन्होंने बिजली सप्लाई को काफी सुधार लिया है। और राज्य की राजधानी के लोगों को रोजाना 18 से 20 घंटे तक निर्बाध बिजली मिलेगी।

## धौनी सीएसके के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स ने आइपीएल 2022 का अपना आठवां लीग मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ खेला, लेकिन इस टीम को हार मिली। हालांकि आखिरी वक्त पर एम एस धौनी और कप्तान रवींद्र जडेजा ने टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन वो सफल नहीं हो पाए। धौनी ने इस मैच में 8 गेंदों पर एक छक्का और एक चौके की मदद से 12 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी में धौनी ने एक छक्का लगाया और वो चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। आइपीएल 2022 के 38वें लीग मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेली अपनी 12 रन की पारी में एक छक्का लगाया और इसके बाद वो चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। धौनी ने सुरेश रैना का रिकार्ड तोड़कर ये उपलब्धि अपने नाम की। धौनी ने सीएसके के लिए अब तक कुल 220 छक्के लगाए हैं जबकि सुरेश रैना का नाम पर 219 छक्के दर्ज थे।

## न्यूज डायरी




### कप्तान मयंक अग्रवाल हुए युवा पेसर अर्शदीप के फैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल युवा पेसर अर्शदीप सिंह से बहुत प्रभावित हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले के बाद बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज के प्रदर्शन की खूब तारीफ हो रही है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर उन्होंने 19वें ओवर में बहुत सधी हुई गेंदबाजी की और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। चेन्नई को सुपर किंग्स को आखिरी 12 गेंद पर 35 रनों की जरूरत थी। अर्शदीप के सामने रविंद्र जडेजा और महेंद्र सिंह धोनी थे, लेकिन उन्होंने सिर्फ 8 रन दिए। ऐसे में आखिरी ओवर में पंजाब को 27 रनों का बचाव करना था। मयंक ने बताया कि अर्शदीप मुश्किल परिस्थितियों में गेंदबाजी की जिम्मेदारी उठाते हैं। इस सीजन में अर्शदीप ने पंजाब के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। अर्शदीप उन दो खिलाड़ियों में थे जिन्हें पंजाब ने इस साल नीलामी से पहले रीटेन किया था। मैच के बाद प्रजेंटेशन के दौरान मयंक ने कहा, मुझे लगता है कि अर्शदीप ने शानदार गेंदबाजी की।

### चेन्नई के पास नहीं था डेथ ओवर में पंजाब की गेंदबाजी का जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। आईपीएल 2022 के 38वें मैच में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 11 रन से हराया। पहले खेलते हुए पंजाब ने 4 विकेट पर 187 रन बनाए। चेन्नई की टीम 176 रन ही बना सकी। रविंद्र जडेजा की टीम को जीत के लिए अंतिम 5 ओवर में 70 रनों की जरूरत थी। 16वें ओवर में संदीप शर्मा के खिलाफ अंबाती रायुडू और रविंद्र जडेजा ने 23 रन बना दिए। इसमें रायुडू का योगदान 22 रनों का था। उन्होंने ओवर की अंतिम चार गेंद पर 6,6,6 और 4 रन बनाए। टीम को अंतिम चार ओवर में जीत के लिए 47 रन ही चाहिए थे। लेकिन इसके बाद पंजाब की धारदार गेंदबाजी के सामने वे मुंबई इंडियंस के मैच वाला कारनामा नहीं दोहरा सके। 17वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने 6 रन दिए। 18वें ओवर में कागिसो रबाडा ने 6 रन देने के साथ ही 78 रन बनाकर खेल रहे अंबाती रायुडू को बोल्ड किया। 19वें ओवर में महेंद्र सिंह धोनी और रविंद्र जडेजा क्रीज पर थे।

### ओपनिंग करके विराट कोहली आखिर कैसे हासिल कर सकते हैं अपनी फार्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आरसीबी के पूर्व कप्तान व सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली बेहद खराब फार्म से गुजर रहे हैं और वो पिछले दो मैचों में गोल्डन डक यानी पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो चुके हैं। आरसीबी को अपना अगला मैच राजस्थान रायल्स के खिलाफ खेलना है जो गजब की फार्म में है। इस मैच में विराट कोहली की फार्म पर सबकी निगाहें लगी रहेंगी कि वो रन बनाने में सफल हो पाते हैं या नहीं। विराट कोहली पर भी रन बनाने का भरपूर दवाब होगा, लेकिन रन बनाने के लिए उन्हें क्या करना चाहिए इसे लेकर आरसीबी के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने उन्हें एक सलाह दी है। पार्थिव पटेल ने क्रिकबज पर बात करते हुए कहा कि विराट कोहली को अगर अपने खराब फार्म से बाहर निकलना है तो उन्हें अपनी टीम के लिए पारी की शुरुआत करनी चाहिए।

### शिखर धवन ने बताया कि कैसे सीएसके खिलाफ खेल पाए इतनी अच्छी पारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पंजाब किंग्स के ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन ने बेहद धैर्य के साथ बल्लेबाजी की और 88 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। टीम के लिए ओपनिंग करने आए धवन की पारी के दम पर ही पंजाब का स्कोर 187 तक पहुंचा और इस टीम को 11 रन जीत मिली। धवन को इस मैच में उनकी इस अच्छी पारी के लिए प्लेयर आफ द मैच भी चुना गया। धवन सीएसके के खिलाफ क्यों इस मैच में इतनी अच्छी पारी खेल पाए इसके बारे में उन्होंने खुद खुलासा किया। एक बार जब सामंजस्य बन गया तब एक-दो ओवर ऐसे आये जिसमें हमने ज्यादा रन बनाए।